विवाद | महिला के डेरा डालने की बात पर विवाद, खमरिया पुलिस में की गई शिकायत

काली मंदिर खमरिया में देर रात हंगामा

नवभारत,जबलपुर। बंग समाज के आस्था का केंद्र कालीबाड़ी (काली मंदिर) खमरिया में बीती देर रात करीब 2 बजे उस वक्त हंगामा हो गया जब मंदिर परिसर में एक महिला वहां के पट बंद होने के बाद भी हटने तैयार नहीं हुई। कुछ देर में मंदिर समिति के सचिव सहित अन्य पदाधिकारी मंदिर में पहुंचे और उन्होनें मनीषा बर्मन नामक महिला से मंदिर से जाने को कहा जिस पर वह भड़क उठी और मंदिर समिति के पदाधिकारियों से अभद्रता करने लगी। करीब एक घंटे तक रात में मंदिर परिसर में हंगामा होता रहा और अंत में बाद खमरिया पुलिस थाना तक जा पहुंची। जानकारी के अनुसार मनीषा बर्मन नामक महिला मंदिर में डेरा जमाने की बात पर अड़ी थी जिसको लेकर मामला गरमा गया। प्रबंधन समिति के अर्नब दास गुप्ता सहित अन्य ने नवभारत को बताया कि उक्त महिला पिछले लंबे समय से मंदिर संचालन में बाधा उत्पन्न कर रही है। जिसके बाद सदस्यों ने खमरिया पुलिस थाना में महिला के खिलाफ शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत को संज्ञान में लिया है।

सुरक्षा अधिकारी को दी जा चुकी है शिकायत

समिति सचिव के अनुसार कालीबाड़ी (काली मंदिर) खोलने व बंद करने का समय निर्धारित है। लेकिन उक्त महिला मंदिर बंद होने के बाद भी परिसर में बैठी रहती है। चूंकि उक्त स्थान आयुध निर्माणी खमरिया के अधिकार क्षेत्र में आता है। लिहाजा सुरक्षा अधिकारी को भी कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। मंदिर सुनसान इलाके में रात के समय मंदिर कैंपस में उक्त महिला के साथ कोई अनहोनी हो जाए तो पूरा दोष मंदिर समिति पर आ जाएगा।

दफ्तरों के गलियारे

एक से फुर्सत! अब दूसरे चुनाव की तैयारी

अभी राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव खत्म ही हुए थे, कि अब वरिष्ठ से लेकर जूनियर वकील संघ के चुनावो की तैयारी में लीन हो चुके हैं। विगत दिनों संपूर्ण हुई वोटिंग के बाद से ही सोशल मीडिया पर अब संघ के चुनावो की तैयारियों को रूप दिया जा रहा है सोशल मीडिया पर इन दिनों खूब अधिवक्ताओं के हित में प्रचार प्रसार किया जा रहा है कुछ जूनियर वरिष्ठ वकीलों के हित में गुणगान कर रहे हैं तो कुछ उन्हें जीभर के कोस रहे है इसी बीच सूबे की सबसे बड़ी अदालत में अधिवक्ताओं की परिषद के अध्यक्ष ने इस्तीफा दे दिया था। जिसे लेकर भी काले कोट धारियों के बीच में चर्चाएं चल रही हैं। कुछ वकील साहबो का कहना है कि अच्छा हुआ अध्यक्ष जी खुद ही किनारे हो गए नहीं तो चुनाव के परिणाम उनको कुर्सी से बेदखल कर देते ! वही कुछ का कहना है कि हमारे अध्यक्ष जी को एक दो महीने और बने रहने का हक था। अब ऊंट किस करवट बैठता है यह तो दो महीने बाद ही पता चलेगा।

इतनी सख्ती कैसे सहन करें हम

अरे भाई ये बड़े साहब तो बिल्कुल नाक में दम करके रखे हैं ऐसे में हम सभी कैसे नौकरी कर पाएंगे.. ये बात लाल बिल्डिंग के गलियारों में उन लापरवाह कर्मचारियों के खेमे में हुई जो अपनी गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली के लिए मशहूर हैं। ये प्रतिक्रियाएं इसलिए भी बाहर आईं क्योंकि हाल ही में फिर नगर निगम के कमिश्नर साहब ने फरमान जारी किया और निर्देश दिए कि नगर निगम के किसी भी विभाग से कोई कर्मचारी ड्यूटी के दौरान कार्यालय से गायब रहा तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उधर लापरवाह कर्मचारियों पर सख्ती के लिए अब अधिकारी भी मजबूर हो चुके हैं। मतलब ये साफ है कि अब ऐसा नहीं चलेगा कि अधिकारी से कह दिया कि सर मैं फील्ड पर हूं और बाहर मौज हो रही हो। बहरहाल निगमायुक्त की सख्ती इन दिनों लापरवाह कर्मचारियों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है।

धनंजय श्रीवास्तव, विवेक दुबे

कलेक्टर ने लगाया 5 .93 करोड़ का अर्थदंड

अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के 96 प्रकरणों में दोषियों के खिलाफ सख्ती

नवभारत,जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के 96 प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध 5 करोड़ 93 लाख 54 हजार 190 रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के ये सभी प्रकरण खनिज विभाग द्वारा कलेक्टर न्यायालय में दर्ज कराये गए थे। इनमें से 8 प्रकरण सितम्बर 2025 के पूर्व के तथा 88 प्रकरण 25 सितम्बर 2025 से 11 मई 2026 की अवधि के हैं।

कलेक्टर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इन मामलों में से केवल एक मामले में ही 40 लाख 80 हजार रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। यह प्रकरण अवैध उत्खनन के आरोप में अभिलाष तिवारी एवं अन्य के विरुद्ध जून 2022 में दर्ज कराया गया था।

इन पर किया गया दंड अधिरोपित

अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण का दोषी पाए जाने पर अधिरोपित अर्थदंड में जमुना प्रसाद पर 28 लाख 12 हजार 500 रूपये, सुंदर साहू एवं अन्य पर 10 लाख 20 हजार रूपये, आकाश यादव पर 8 लाख 8 लाख 82 हजार 190 रूपये, श्रीशपाल पर 6 लाख 49 हजार रुपए, अभिषेक पटेल पर 4 लाख 52 हजार 500 रूपये, अखिलेश पटेल पर 4 लाख 52 हजार 500 रूपये, संजय बर्मन पर 4 लाख 46 हजार रुपए, रामेश्वर वंशकार पर 4 लाख 44 हजार 200 रूपये सौरभ शर्मा एवं अन्य पर लगाए गए 4 लाख 19 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया गया अर्थदंड भी शामिल है।

ओवरलोड हाईवा ने ली चार बेजुबानों की जान, एक घायल

रेत माफिया की बेलगाम रफ्तार बनी जानलेवा, हादसे के बाद चालक फरार, ग्रामीणों में आक्रोश रेत परिवहन पर उठे सवाल

जबलपुर, नवभारत। शहपुरा के मेहदवानी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोसमघाट-रजगढ़ी मार्ग पर रविवार को हुए दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे ओवरलोड रेत परिवहन और प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल दी है। तेज रफ्तार और रेत से ओवरलोड हाईवा ने सड़क किनारे मौजूद मवेशियों को बेरहमी से कुचल दिया।

हादसे में चार बेजुबान जानवरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की भयावहता इतनी ज्यादा थी कि घटनास्थल पर मवेशियों के चिथड़े बिखर गए और आसपास का माहौल दहशत में बदल गया।

तेज रफ्तार के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रेत से भरा हाईवा तेज गति से शाहपुरा की ओर जा रहा था। वाहन की रफ्तार इतनी अधिक थी कि चालक नियंत्रण खो बैठा और सड़क से गुजर रहे मवेशियों को रौंदते हुए निकल गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इन दिनों रेत माफियाओं के हाईवा दिन-रात बेलगाम रफ्तार से दौड़ रहे हैं, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग कार्रवाई के बजाय मौन साधे हुए हैं।

प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल

घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इससे वाहन मालिकों की जिम्मेदारी और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवा मालिक अधिक कमाई के लालच में वाहनों को क्षमता से अधिक रेत भरकर तेज गति से चलवा रहे हैं, जिससे सड़कें मौत का रास्ता बनती जा रही हैं।

दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ओवरलोड वाहनों पर सख्ती दिखाई होती तो यह दर्दनाक हादसा टल सकता था।

हादसे की सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा पशु चिकित्सा विभाग को सूचना दी, तब प्रचार थाना प्रभारी शिवलाल मरकाम टीम सहित मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने हाईवा को पकड़कर थाने पहुंचाया और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों में भारी आक्रोश

घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने प्रशासन पर रेत माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में बिना रोक-टोक अवैध रेत परिवहन जारी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ओवरलोड वाहनों की तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए तथा फरार चालक और वाहन मालिक के खिलाफ पशु क्रूरता, लापरवाही से वाहन चलाने और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया जाए।

जबलपुर में बढ़ी गर्मी, तेज धूप और उमस से लोग बेहाल

नवभारत, जबलपुर। आसमान में बादलों की आवाजाही के बावजूद क्षेत्र में सूर्यदेव का प्रकोप लगातार जारी है, जिससे तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले 2 दिनों से पूरे महाकोशल अंचल में हल्के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी गर्मी के तेवरों में कोई कमी नहीं आई है। तेज धूप और अत्यधिक उमस के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग पसीने से तर-बतर हो रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक आगामी 2 दिनों तक गर्मी का यह दौर और तीखा हो सकता है, जिसके बाद तापमान में आंशिक गिरावट आने की उम्मीद है। इसके साथ ही दोपहर के बाद क्षेत्र में कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना भी जताई गई है, हालांकि 3 दिनों के बाद एक बार फिर चुभने वाली गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है।

बीते वर्ष के मुकाबले अधिक सता रही तपन

इस वर्ष गर्मी की तीव्रता पिछले साल की तुलना में कहीं अधिक महसूस की जा रही है। अगर पिछले वर्ष के आंकड़ों पर नजर डालें तो आज की तारीख में न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम पारा 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके विपरीत, इस साल वर्तमान सीजन में आज सुबह 11 बजे ही पारा 38.2 डिग्री सेल्सियस के स्तर पर पहुंच गया। वहीं बीते कल का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। सुबह के समय हवा में नमी का स्तर 43 प्रतिशत रहने के कारण उमस बहुत ज्यादा बढ़ गई है, जिससे सुबह से ही पारा सामान्य से अधिक बना हुआ है।

आसमान में छाए बादल

मौसम के बदलते मिजाज के बीच बादलों और सूरज की लुकाछिपी जारी है। महाकोशल के कई हिस्सों में हल्के बादल छाए हुए हैं, जिससे जबलपुर का आसमान सुबह तो साफ नजर आया, लेकिन दोपहर के बाद फिर से बादलों की मौजूदगी देखी जा रही है। मौसम विभाग का मानना है कि यदि आसमान पूरी तरह साफ रहता है तो पारे में और उछाल आ सकता है। इस चिलचिलाती धूप और तपिश से बचने के लिए नागरिक अपने स्तर पर तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। सड़कों पर धूप से बचने के लिए लोग चेहरों को कपड़े से ढककर निकल रहे हैं, जबकि ठंडे पेय पदार्थों की मांग बाजारों में काफी बढ़ गई है।

205 वारंटी पकड़ाए

जबलपुर। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 106 गैर न्यादी वारिटयों एवं 55 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए तथा 44 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

रिश्तों में दगाबाजी : बुआ के बेटे ने मांगी ढाई लाख की स्पोर्ट्स बाइक

अब लौटाने से इंकार मामला दर्ज

जबलपुर। खमरिया में एक युवक ने अपने ही ममेरे भाई से अमानत में खयानत कर लाखों रुपये की स्पोर्ट्स बाइक कुछ दिनों के लिए मांगकर ली और बाद में नीयत डोलने पर उसे वापस करने से साफ इंकार कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नए कानून के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अमरीक सिंह कॉलोनी, तिघरा निवासी राजेंद्र प्रसाद सोनी (53) खमरिया फैक्ट्री में लेबर के पद पर कार्यरत हैं। जून 2015 में शौक और जरूरत के लिए करीब 2 लाख 50 हजार रुपये में आसान किस्तों पर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम वाय 8626 खरीदी थी। गाड़ी अधिकांश समय घर पर ही खड़ी रहती थी। राजेंद्र प्रसाद की बुआ का बेटा राजकुमार सोनी (34) दुर्गा चौक, जयप्रकाश अधारताल का रहने वाला है, उसने राजेंद्र के घर पर खड़ी बाइक देखी। राजकुमार ने कुछ दिनों तक चलाने का बहाना बनाकर राजेंद्र से बाइक मांगी। भाई का रिश्ता होने के कारण राजेंद्र ने बिना किसी शक के बाइक के असली कागजात भी राजकुमार को सौंप दिए। जब काफी दिन बीत जाने के बाद राजेंद्र ने अपनी गाड़ी वापस मांगी, तो राजकुमार की नीयत बदल चुकी थी। उसने गाड़ी लौटाने से साफ मना कर दिया और राजेंद्र को टालने लगा। खुद को ठगा सा महसूस करने और विश्वासघात होने के बाद पीड़ित राजेंद्र प्रसाद सोनी खमरिया थाना पहुंचे और मामले की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई।

शिक्षा मंत्री का अर्थी जुलूस निकालकर इस्तीफे की मांग

नीट पेपर लीक मामले पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत,जबलपुर। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर युवा कांग्रेस ने रविवार को दमोह नाका चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का प्रतीकात्मक अर्थी जुलूस निकालते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं एवं पेपर लीक की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई गई।

इस दौरान युवा कांग्रेस नेताओं का कहना था कि पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का शिक्षा व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है और पूरे सिस्टम पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर अध्यक्ष सोनू कुकरेले और भानु यादव ने कहा कि मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए तथा सीबीआई जांच कर छात्रों को न्याय दिलाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द ठोस कदम नहीं उठाती है तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, अभ्युत बाजपेई, मोंटी वंशकार, अन्नू तिवारी, बसंत ठाकुर, सचिन जैन, अंकुर गुप्ता, नितिन सिंह, प्रवीण चौधरी, दिलीप चमकेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57